# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 19.02.2025 को कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक- 359 / JJM- / 31 दिनांक 3-3-2025

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद में सतही श्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना (पैकेज-1 व 2) के कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 19.02.2025 को कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री मोहन लाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
2. इं0 राजेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM)
5. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
6. श्री पदमानुज, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।
7. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मों नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमशः पैकेज-1 एवं पैकेज-2 के कार्य प्रगति पर है।

(1.) पैकेज-01 :-

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज-4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज-1 के अधीन निर्माणाधीन कार्यो के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज-1 के अन्तर्गत जल शोधन सयंत्र (WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | प्राप्ति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Clear Water Rising Main Pipeline Laying & Jointing (55 Km./ 157.53 Km.) | 89% | 34% | 55% |
| 2 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 95% | 70% | 25% |
| 3 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 95% | 51% | 44% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | Clear Water Reservoir | 75% | 46% | 29% |
| 5 | Filter Beds with Back Wash Tank on Top | 70% | 18% | 52% |
| 6 | Clari-flocculator | 76% | 30% | 46% |
| 7 | Cascade Aerator & Inlet Works | 64% | 14% | 50% |
| 8 | Raw Water Reservoir cum PH | 67% | 6% | 61% |
| 9 | Valve Chamber at RWR | 100% | 100% | 0% |
| 10 | Off-take Chamber & Connecting Channel | 100% | 95% | 5% |
| | **Overall Progress** | **82.8%** | **46.4%** | **36.4%** |

उक्त निर्धारित बार चार्ट के अनुसार 82.80 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र 46.40 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि फसल प्रतिकर दर निर्धारण न होने के कारण डी0आई0 एवं एम0एस0 पाइप लाइन बिछाये जाने की प्रगति में कमी आ रही है। निर्देशित किया गया है कि मैन पावर बढ़ाकर निर्माणाधीन कार्य का समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

(2.) पैकेज–02 :–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–2 के अधीन निर्माणाधीन कार्यो के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | प्राप्ति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Distribution Network (2612 Km./5424.70 Km.) | 100% | 48% | 52% |
| 2 | Clear Water Rising Main (264 Km./1332.73 Km.) | 100% | 20% | 80% |
| 3 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 100% | 67% | 33% |
| 4 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 100% | 65% | 35% |
| 5 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 100% | 54% | 46% |
| 6 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 100% | 74% | 26% |
| 7 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 100% | 53% | 47% |
| 8 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 100% | 57% | 43% |
| 9 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 64% | 36% |
| 10 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 59% | 41% |
| 11 | Boundary wall for OHT & IBPS | 100% | 38% | 62% |
| 12 | Staff Quarters at IBPS | 100% | 70% | 30% |
| 13 | Over Head Tank (201 Nos. WIP/249 Nos.) | 100% | 29% | 71% |
| | **Overall Progress** | **100%** | **54%** | **46%** |

उक्त निर्धारित बार चार्ट के अनुसार 100 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र [illegible] प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। [illegible] बिछाये जाने वाली पेयजल पाइप लाइन को Revenue Map पर [illegible]

तक प्रस्तुत नहीं किये गये है जिस कारण अग्रिम कार्यवाही में विलम्ब हो रहा है। फर्म को निर्देशित किया गया कि समस्त स्थलों पर मानकानुसार कार्य कराते हुये कार्य समय से पूर्ण किया जाये, सडक मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य उचिव गराव एवं समतलीकरण के साथ पूर्ण कराया जाये। कार्यो को पूर्ण कराने का वर्क प्लान प्रस्तुत करें।

(3.) टी0पी0आई0 :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत निर्गत की गयी 91 नग NC's में से 74 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तर्गत निर्गत की गयी 189 नग NC's में से 91 नग NC's का निराकरण किया गया है, तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवशेष NC's का यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु फर्मो को निर्देशित किया गया। योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया।

(4.) निष्कर्ष :–

दोनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कमियों में सुधार कराना सुनिश्चित करें एवं Proper वर्क प्लान तैयार कर मैनपावर बढ़ाते हुये कार्यों को तीव्रगति से गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये। साथ ही टी0पी0आई0 द्वारा जारी NC's का निस्तारण समयान्तर्गत कराना सुनिश्चित करें तथा फसल प्रतिकर दर निर्धारण हेतु शीघ्र पत्रावली प्रेषित कर अग्रिम कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

28/02/25
(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
6. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
7. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

28/2/25
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner